# भारतीय जनता पार्टी

केन्द्रीय कार्यालय
11, अशोक रोड, नई दिल्ली
फोन–23005700 फैक्स.23005787

## राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री मुख्तार अब्बास नकवी का प्रेस वक्तव्य

**नई दिल्ली : 24 मई 2013** भारतीय जनता पार्टी की नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की पहली महत्वपूर्ण बैठक 8 एवं 9 जून को गोवा में होगी।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम–अभियान संयोजक श्री मुख्तार अब्बास नकवी ने बताया कि 8 एवं 9 जून को राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक से पूर्व 7 जून को राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक होगी, जिसमें कार्यकारिणी के ऐजेन्डे एवं अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी।

श्री नकवी ने कहा कि आज देश गम्भीर राजनैतिक अविश्वसनीयता एवं अस्थिरता के दौर से गुजर रहा है, जहां प्रधानमंत्री, सुपर प्रधानमंत्री, मंत्रिमंडल के लगभग आधे सदस्य गम्भीर भ्रष्टाचार–घोटालों के आरोपों के घेरे में घिरे हुए है। और सरकार भ्रष्टाचार–घोटालों पर प्रभावी कार्यवाही के बजाय, जनधन की लूट में शामिल लोगों को बचाने एवं गुनाहों पर पर्दा डालने में लगी है।

श्री नकवी ने कहा कि दो दिन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी देश के राजनैतिक, आर्थिक, मुद्दों केन्द्र सरकार की चौतरफा नाकामी, भ्रष्टाचार,–घोटलों एवं मंहगाई तथा राष्ट्रीय सुरक्षा एवं विदेशी नीति पर भ्रामक एवं कमजोर नीति पर चर्चा करेगी। देश की अर्थव्यवस्था का निचले पायदान पर पंहुचना एवं मंहगाई दर सबसे अगले पायदान पर पंहुचना इस सरकार के कुशासन एवं भ्रष्टाचार का जीता जागता नतीजा है। इन तमाम ज्वलन्त मुद्दों पर कार्यकारिणी चर्चा करेगी।

श्री नकवी ने कहा कि कार्यकारिणी आने वाले दिनों में कांग्रेस नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार के विरुद्ध आक्रमक, प्रभावी राष्ट्रव्यापी आन्दोलन एंव अभियान की रणनीति एवं रुपरेखा पर भी चर्चा करेगी एवं अगले कार्यक्रमों को अन्तिम रुप देगी।

श्री नकवी ने बताया कि कार्यकारिणी आने वाले विधानसभा चुनावों एवं लोकसभा चुनावों पर भी प्रदेशों के राजनैतिक–सामाजिक परिस्थितियों के अनुसार चर्चा एवं समीक्षा करेगी। साथ ही आने वाले दिनों में **''सुशासन संकल्प–भाजपा विकल्प''** के लक्ष्य के साथ ''भाजपा लाओ, देश बचाओं'' के आवाह्न के साथ कार्यकर्ताओं को कमर कसने का संदेश देगी।

श्री नकवी ने बताया कि बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सभी सदस्य, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, उप–मुख्यमंत्री, प्रदेशों के अध्यक्ष, महामंत्री संगठन, व पूर्व मुख्यमंत्री, विधानमण्डल दलों के नेता, मोर्चा अध्यक्ष, पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता भाग लेंगें।

### 27 मई से राष्ट्रव्यापी जेल भरो आन्दोलन

श्री नकवी ने बताया कि आगामी 27 मई से पूरे देश में केन्द्र सरकार में भ्रष्टाचार, मंहगाई, घोटलों, जैसे आम लोगो को सीधे प्रभावित कर रहे मुद्दों पर ''जेल भरो आन्दोलन'' करेगी।

श्री नकवी ने बताया कि ''जेल भरो आन्दोलन'' के तहत पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजनाथ सिंह बडी संख्या में लोगों के साथ दिल्ली में गिरफ्तारी देंगें। श्री राजनाथ सिंह जी के साथ श्री अनन्त कुमार एवं श्री प्रकाश जावड़ेकर रहेगें, जबकि लोकसभा में विपक्ष की नेता श्रीमती सुषमा स्वराज मध्य प्रदेश में एवं राज्यसभा में विपक्ष के नेता श्री अरुण जेटली चण्डीगढ़ में गिरफ्तारी देंगे।

उत्तर प्रदेश के रामपुर में श्री मुख्तार अब्बास नकवी, श्री अमित शाह तथा श्री लक्ष्मीकांत बाजपेई 29 मई को गिरफ्तारी देंगें। जबकि बिहार में श्री रविशंकर प्रसाद, श्री सी0पी0 ठाकुर के नेत्त्व में आन्दोलन एवं गिरफ्तारी होगी। छत्तीसगढ़ में श्री जे0पी0 नड्डा, कर्नाटक में श्री अनन्त कुमार, श्री निर्मला सीतारमन, केरल में श्री राजीव प्रताप रुडी, पं0 बंगाल में श्री मुरलीधर राव, गुजरात में श्री धर्मेन्द्र प्रधान, राजस्थान में श्री शाहनवाज हुसैन, तमिलनाडु में श्री वरुण गांधी, महाराष्ट्र में श्री गोपीनाथ मुण्डे–श्री अमित शाह के नेतृत्व में आन्दोलन, गिरफ्तारी कार्यक्रम होगा।

पंजाब में श्री प्रभात झा, असम में श्री बलवीर पुंज, हरियाणा में श्री विनय कटियार–श्री श्याम जाजू, उत्तराखंड में श्री जुयल ओरांव, हिमाचल में श्री एस0एस0 अहलूवालिया, उत्तर प्रदेश में श्री थावरचन्द गहलोत, सुश्री उमाभारती, श्री रामेश्वर चौरसिया, आन्ध्र प्रदेश में श्रीमती स्मृति ईरानी, झारखण्ड में रमापतिराम त्रिपाठी एवं श्रीमती रेनू कुशवाह, उडीसा में श्री सतपाल मलिक, गोवा में सुधांशु त्रिवेदी–अनुराग ठाकुर, सिक्किम में सुश्री वाणी त्रिपाठी, त्रिपुरा में श्रीमती किरण माहेश्वरी, दमनद्वीप में पूनम महाजन, भ्रष्टाचार के खिलाफ आन्दोलन, सत्याग्रह का नेतृत्व करेंगे। जम्मू–कश्मीर में श्रीमती आरती मेहरा, दादर नागर हवेली में श्री विनोद पाण्डे, अण्डमान निकोबार में श्री रामेश्वर प्रसाद चौरसिया, नागालैण्ड में श्री तापिर गांव, अरुणाचल में श्री अनिल जैन, मणिपुर में श्री त्रिवेन्द्र रावत, मिजोरम में श्री अब्दुल रशीद, पुडुंचेरी में श्री कृष्णा दास, मेघालय में श्री किरण रिज्जू, सत्यग्रह का नेतृत्व करेंगें।

श्री नकवी ने बताया कि यह आन्दोलन 27 मई से 3 जून तक चलेगा, जिसके तहत लाखों की संख्या में लोग पूरे देश में गिरफ्तारी देंगें और केन्द्र सरकार के भ्रष्टाचार का भण्डा फोड़ करेंगें।

**(ओ0 पी0 कोहली)**
*मुख्यालय प्रभारी*